डाक-व्यय की पूर्व अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. रायपुर-सी.जी.

पंजीयन क्रमांक रायपुर डिवीजन

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 2] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 4 जनवरी 2001—पौष 14, शक 1922

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

रायपुर, दिनांक 12 दिसम्बर 2000

आदेश

क्रमांक 442/सा. प्र. वि./2000.—श्री राम प्रकाश, भा. व. से. वन संरक्षक, की सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर ली जाकर उन्हें अपर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वन, पर्यटन, पर्यावरण एवं संस्कृति विभाग में आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 13 दिसम्बर 2000

अधिसूचना

क्रमांक 470-B/सा. प्र. वि./2000.—म. प्र. शासन कार्य (आवंटन) नियम, जो कि म. प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्रभावशील है, के नियम-4 के अनुसरण में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्र. 190/सा. प्र. वि./2000 दिनांक 13-11-2000 में आंशिक संशोधन करते हुए मुख्य मंत्री के प्रभार में नीचे उनके नाम के सामने दिये गये विभाग

और विभाग सौंपते हैं :—

स. क्र. (1)	मंत्री/राज्य मंत्री का नाम (2)	सौंपे गये विभाग और विषय (3)
1.	श्री अजीत जोगी, मुख्य मंत्री	सामान्य प्रशासन, जनशिकायत निवारण, विधि एवं विधायी कार्य और संसदीय कार्य विभाग.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 20 दिसम्बर 2000

आदेश

क्रमांक 555/सा. प्र. वि./2000.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नांकित अधिकारियों को, जिनकी वर्तमान पदस्थापना उनके नाम के सामने कॉलम-3 पर दर्शाए पदों अनुसार है, आगामी आदेश तक उनके नाम के सामने दर्शाएं कॉलम-4 में उल्लिखित पदों पर नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र. (1)	अधिकारी का नाम (2)	वर्तमान पदस्थापना (3)	नवीन पदस्थापना (4)
01.	श्रीमती इंदिरा मिश्रा, (आर. आर.—1969)	प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	प्रमुख सचिव, खनिज संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.
02.	श्रीमती आई. एम. चहल, (आर. आर.—1976)	सचिव, खनिज संसाधन विभाग.	आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली.
03.	श्री सुनील कुमार, (आर. आर.—1979)	सचिव, मान. मुख्य मंत्री एवं सचिव, जनसंपर्क.	सचिव, मान. मुख्य मंत्री, जनसंपर्क तथा सचिव उद्योग (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) छत्तीसगढ़ शासन.
04.	श्री एच. एल. प्रजापति, (एस. सी. एस.—1984)	सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, वाणिज्यिक कर एवं आयुक्त, आबकारी एवं वाणिज्यिक कर तथा महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक.	सचिव, वाणिज्यिक कर एवं आयुक्त आबकारी एवं वाणिज्यिक कर, महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक.
05.	श्री सी. के. खेतान, (आर. आर.—1987)	उप सचिव, वन, पर्यावरण, पर्यटन एवं संस्कृति.	संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग.
06.	श्री बी. एल. अग्रवाल, (आर. आर.—1988)	कलेक्टर, दुर्ग	संयुक्त सचिव, जल संसाधन, आयाकट एवं ऊर्जा.
07.	श्री आई. सी. पी. केशरी, (आर. आर.—1988)	कलेक्टर, रायगढ़	कलेक्टर, दुर्ग
08.	श्री मोहम्मद सुलेमान, (आर. आर.—1989)	कलेक्टर, बस्तर	संयुक्त सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.
09.	श्री एम. एस. धुर्वे, (एस. सी. एस.—1989)	कलेक्टर, जांजगीर-चांपा	संयुक्त सचिव, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग.

(1)	(2)	(3)	(4)
10.	श्री बी. एल. ठाकुर, (एस. सी. एस.—1989)	उप सचिव, जल संसाधन, आयाकट एवं ऊर्जा.	कलेक्टर, धमतरी
11.	श्री आर. पी. जैन, (एस. सी. एस.—1990)	संयुक्त सचिव, महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग.	कलेक्टर, महासमुन्द
12.	श्री अवध बिहारी, (एस. सी. एस.—1991)	कलेक्टर, कवर्धा	संयुक्त सचिव, वित्त विभाग
13.	श्री एम. आर. ठाकुर, (एस. सी. एस.—1991)	उप सचिव, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग.	कलेक्टर, कवर्धा
14.	श्री सुब्रत साहू, (आर. आर.—1992)	कलेक्टर, धमतरी	कलेक्टर, सरगुजा
15.	श्री एस. एन. ध्रुव, (एस. सी. एस.—1992)	उप सचिव,उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं जनशक्ति नियोजन, स्कूल शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग.	कलेक्टर, रायगढ़
16.	श्रीमती ऋचा शर्मा, (आर. आर.—1994)	उप सचिव, सामान्य प्रशासन, विभाग.	कलेक्टर, बस्तर
17.	श्री विकास शील, (आर. आर.—1994)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जिला पंचायत, दुर्ग.	कलेक्टर, कोरिया
18.	श्री मनोज के. पिंगुआ, (आर. आर.—1994)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बस्तर.	कलेक्टर, जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 20 दिसम्बर 2000

आदेश

क्रमांक 557/सा. प्र. वि./2000.—निम्नांकित अधिकारियों को, जिनकी वर्तमान पदस्थापना कॉलम-3 में उनके नाम के सम्मुख दर्शाए अनुसार है, आगामी आदेश तक उनके नाम के सम्मुख कॉलम-4 अनुसार पदों पर पदस्थ किया जाता है :—

स. क्र. (1)	अधिकारी का नाम (2)	वर्तमान पदस्थापना (3)	नवीन पदस्थापना (4)
01.	श्री देवाशीष दास, (भा. व. से.—1987)	वन मण्डलाधिकारी, (वन्य प्राणी), रायपुर	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायगढ़.

(1)	(2)	(3)	(4)
02.	श्री देवेन्द्र सिंह, (भा. व. से.—1988)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मंदसौर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग
03.	श्री तपेश कुमार झा, (भा. व. से.—1989)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, धमतरी.
04.	श्री अनिल कुमार राय, (भा. व. से.—1990)	वनमंडलाधिकारी, (सामान्य) विदिशा.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बिलासपुर.
05.	श्री बी. आनन्द बाबू, (भा. व. से.—1992)	वनमंडलाधिकारी, (सामाजिक वानिकी) झाबुआ.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कांकेर.
06.	श्री सुबोध सिंह (भा. प्र. से.—1997)	अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बस्तर (कनिष्ठ वेतनमान में).
07.	डॉ. एम. गीता, (भा. प्र. से.—1997)	अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, मुंगेली, जिला-बिलासपुर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायपुर (कनिष्ठ वेतनमान में).
08.	श्री एस. एल. रात्रे, (रा. प्र. से.—1985)	अपर कलेक्टर, दंतेवाड़ा.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा.
09.	श्री के. आर. पिस्दा, (रा. प्र. से.—1982)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायगढ़.	संयुक्त आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, रायपुर

क्रमांक 1 से 5 तक उल्लिखित भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की सेवाएं वन विभाग से ली जाकर, प्रतिनियुक्ति पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी जाती है.

क्रमांक 6 से 8 तक उल्लिखित अधिकारियों की सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग से ली जाकर प्रतिनियुक्ति पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 22 दिसम्बर 2000

अधिसूचना

क्रमांक 607-A/सा. प्र. वि./2000.—छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने मुख्य मंत्री की सलाह पर निम्नलिखित को मंत्री/राज्य मंत्री नियुक्त किया है :—

मंत्री

1. श्री शंकर सोढ़ी
2. श्री भूपेश बघेल

राज्यमंत्री

1. श्री धनेन्द्र साहू

क्रमांक /सा. प्र. वि./2000.—छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा नियुक्त निम्नलिखित मंत्रियों/राज्यमंत्री ने संविधान के अनुच्छेद 164 के खण्ड (3) के अनुसार आज रात्रि 08.00 बजे पद तथा गोपनीयता की शपथ ली और अपने पद ग्रहण किए :—

मंत्री

1. श्री शंकर सोढ़ी
2. श्री भूपेश बघेल

राज्यमंत्री

1. श्री धनेन्द्र साहू

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. विजयवर्गीय, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 दिसम्बर 2000

अधिसूचना

क्रमांक 620-A/सा. प्र. वि./2000.—मध्यप्रदेश शासन कार्य (आवंटन) नियम, जो कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्रभावशील है, के नियम-4 के अनुसरण में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 190/सा.प्र.वि./2000, दिनांक 13-11-2000 एवं क्रमांक 470 बी/सा.प्र.वि./2000, दिनांक 13-12-2000 में आंशिक संशोधन करते हुए प्रत्येक मंत्री/राज्यमंत्री के प्रभार में नीचे उनके नाम के सामने दर्शाए गये विभाग और विषय सौंपते हैं :—

स. क्र. (1)	मंत्री/राज्यमंत्री का नाम (2)	सौंपे गए विभाग और विषय (3)
01.	श्री अजीत जोगी, मुख्य मंत्री.	—
02.	श्री रविन्द्र चौबे, मंत्री.	लोक निर्माण, आवास, नगरीय प्रशासन और विकास, संसदीय कार्य तथा विधि एवं विधायी कार्य.
03.	श्री डेरहूप्रसाद धृतलहरे, मंत्री.	वन एवं पर्यावरण
04	श्री माधवसिंह ध्रुव, मंत्री.	आदिमजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण

(1)	(2)	(3)
05.	श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, मंत्री.	सामान्य प्रशासन, जनशिकायत निवारण, स्वास्थ्य (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा)
06.	श्री महेन्द्र कर्मा, मंत्री.	उद्योग (वाणिज्य एवं उद्योग, ग्रामोद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम)
07.	श्री नंदकुमार पटेल, मंत्री.	गृह, जेल, परिवहन एवं विमानन
08.	श्री धनेश पाटिला, मंत्री.	जल संसाधन, आयाकट तथा ऊर्जा
09.	श्री चनेशराम राठिया, मंत्री.	खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण
10.	श्री सत्यनारायण शर्मा, मंत्री.	शिक्षा (उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं जनशक्ति नियोजन, स्कूल शिक्षा) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी.
11.	श्री अमितेष शुक्ल, मंत्री.	पंचायत एवं ग्रामीण विकास
12.	श्रीमती गीतादेवी सिंह, मंत्री.	कल्याण (समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास)
13.	डॉ. प्रेमसाय सिंह, मंत्री.	कृषि (कृषि, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन)
14.	श्री रामपुकार सिंह, मंत्री.	खनिज साधन और जनसंपर्क
15.	श्री रामचन्द्र सिंहदेव, मंत्री.	वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक और सांख्यिकी, बीस सूत्र कार्यान्वयन
16.	श्री भूपेश बघेल, मंत्री.	राजस्व, पुनर्वास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
17.	श्री शंकर सोढ़ी, मंत्री.	श्रम, खेल और युवक कल्याण
18.	श्री धनेन्द्र साहू, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार).	पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास और धर्मस्व

(1)	(2)	(3)
19.	श्री मोहम्मद अकबर, राज्यमंत्री.	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा मुख्य मंत्री से संबद्ध
20.	श्री मनोज सिंह मण्डावी, राज्यमंत्री.	लोक निर्माण, आवास, नगरीय प्रशासन और विकास, संसदीय कार्य, विधि और विधायी कार्य, गृह, जेल, परिवहन एवं विमानन.
21.	श्री विधान मिश्रा, राज्यमंत्री.	उद्योग (वाणिज्य एवं उद्योग, ग्रामोद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम) तथा कृषि (कृषि, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन).
22.	श्री बदरूद्दीन कुरैशी, राज्यमंत्री.	आदिमजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास.
23.	श्री ताम्रध्वज साहू राज्यमंत्री.	जल संसाधन, आयाकट, ऊर्जा तथा शिक्षा (स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, एवं जनशक्ति नियोजन) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी.
24.	श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, राज्यमंत्री.	खनिज साधन, जनसंपर्क, वित्त, वांणिज्यिक कर, योजना , आर्थिक और सांख्यिकी, बीस सूत्र कार्यान्वयन.
25.	श्री तुलेश्वर सिंह, राज्यमंत्री	सामान्य प्रशासन, जनशिकायत निवारण, वन, पर्यावरण, स्वास्थ्य (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा).

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. विजयवर्गीय , प्रमुख सचिव.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2001.